


अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## पीआईबी हैदराबाद प्रतिनिधिमंडल ने नालंदा-राजगीर के पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया



अखिलेंद्र कुमार,बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। गुरुवार को नालंदा जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के साथ प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी), हैदराबाद के प्रतिनिधिमंडल की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के समग्र विकास, पर्यटन संवर्धन तथा ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।प्रेस सूचना ब्यूरो, हैदराबाद के प्रतिनिधिमंडल का 29 जनवरी को नालंदा जिले के अंतर्गत नालंदा एवं राजगीर का परिभ्रमण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिले के प्रमुख ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया गया।

नालंदा आगमन के उपरांत प्रतिनिधिमंडल के साथ एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें जिला प्रशासन द्वारा जिले मेंसंचालित विकासात्मक योजनाओं, पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण कार्यों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई।प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने नालंदा एवं राजगीर की ऐतिहासिक विरासत, बौद्ध परंपरा तथा पर्यटन संभावनाओं की सराहना की। उन्होंने जिले में किए जा रहे विकास कार्यों को उल्लेखनीय बताते हुए भविष्य में नालंदा को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप से स्थापित किए जाने की संभावना व्यक्त की।उक्त अवसर पर अपर समाहर्ता, नालंदा सहित प्रेस सूचना ब्यूरो, हैदराबाद के प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य नालंदा जिले की ऐतिहासिक पहचान और विकास कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करना

## वायरल वीडियो से खुलासा, जन्मदिन पार्टी में हर्ष फायरिंग करने वाला गिरफ्तार



अखिलेंद्र कुमार,बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। 28 जनवरी को पूर्वाह्न 9:00 बजे नालंदा थानाध्यक्ष के सरकारी मोबाइल पर एक वायरल वीडियो प्राप्त हुआ। वीडियो में 20 से 25 वर्ष आयु के तीन-चार युवक रात के अंधेरे में मस्ती करते हुए दिखाई दे रहे थे, जिनमें से एक युवक हाथ में देशी कट्टा लेकर हवाई फायरिंग कर रहा था।

पुलिस द्वारा वीडियो का सत्यापन करने पर फायरिंग करने वाला युवक गोलु कुमार (उम्र 22 वर्ष), पिता जितेंद्र सिंह, निवासी ग्राम पचवारा, थाना व जिला नालंदा की पहचान हुई। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी की निशानदेही पर हर्ष फायरिंग में प्रयुक्त एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा गोली बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी गोलु कुमार ने स्वीकार किया कि उसने अपने जन्मदिन (05 दिसंबर 2026) के अवसर पर अपने मित्रों के साथ ग्राम पचवारा में पार्टी मनाई थी और इसी दौरान हर्ष फायरिंग की गई।

इस मामले में आरोपी के साथ शामिल अन्य युवकों में रौशन राज (उम्र 23 वर्ष, पिता मुकेश सिंह), टिल्लू उर्फ अजय कुमार (उम्र 25 वर्ष, पिता बबलू सिंह) तथा अमन उर्फ शिवम (उम्र 23 वर्ष, पिता छोटे सिंह), सभी निवासी ग्राम पपरनौसा, थाना नूरसराय, जिला नालंदा बताए गए हैं।

पुलिस ने इस संबंध में कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजगीर, पुलिस निरीक्षक राजगीर अंचल, राजगीर, नालंदा एवं सिलाव थानों के थानाध्यक्ष तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों से दूर रहें, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में गुणवत्ता सुधार के दिए निर्देश

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। गुरुवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय अनुदेशों के अनुपालन, विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की प्रगति, प्रधानमंत्री पोषण योजना तथा लाइव क्लासेज से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिले में शिक्षा व्यवस्था की प्रगति पर चर्चा की गई तथा BRP और BEO के कार्यों की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने पर विशेष बल देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की शिक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ बच्चों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए तथा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को इन योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाए।

जिला पदाधिकारी ने जिले के 102 विद्यालयों को "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" केरूप में विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।



बैठक में लाइव क्लासेज, ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ स्कूल्स, विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति तथा शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक और ठोस परिवर्तन लाने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मध्यान भोजन उपलब्ध कराने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। साथ ही शिक्षा व्यवस्था में नवाचार और तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर भी जोर दिया गया।

इसके अतिरिक्त, बिहार सरकार द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की स्थापना से संबंधित प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना रहा।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## नगर आयुक्त ने वार्ड 48 में मघड़ा तालाब व सफाई कार्य का निरीक्षण किया

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। गुरुवार को नगर निगम बिहारशरीफ के नगर आयुक्त कुमार निशांत ने उपनगर आयुक्त, लोक स्वच्छता पदाधिकारी, सहायक अभियंता तथा कनीय अभियंता के साथ वार्ड संख्या 48 स्थित मघड़ा तालाब का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तालाब के जीर्णोद्धार कार्य, आसपास की साफ-सफाई व्यवस्था तथा क्षेत्र में उपलब्ध पेयजल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया गया।

नगर आयुक्त ने मौके पर मौजूद सफाईकर्मियों की उपस्थिति की जांच की तथा उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस क्रम में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और स्थानीय समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया।


निरीक्षण के दौरान तालाब के आसपास जमा कचरे, जलजमाव तथा नालियों की सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिया गया।

नगर आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि मघड़ा तालाब के जीर्णोद्धार कार्य में तेजी लाई जाए तथा नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि तालाब की सफाई से न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि जलजनित बीमारियों पर भी नियंत्रण पाया जा सकेगा। साथ ही पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न हो, इसके लिए पाइपलाइन और हैंडपंप की नियमित जांच



करने का निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे तालाब एवं सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं और स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें।



SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN
HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD
COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO
₹4551/*sq.ft
60%
Free Area
COMFORT, LUXURY
WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# अनीता गुप्ता के राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष बनने पर पान समाज में खुशी



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अनीता गुप्ता को अखिल भारतीय पान महासंघ की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नालंदा जिले के पान (तांती-तत्वा) समाज में हर्ष की लहर है। इस अवसर पर समाज के लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सहरसा विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें इस नियुक्ति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

उल्लेखनीय है कि अनीता गुप्ता राजगीर की चर्चित महिला समाजसेवी हैं और बीते लगभग 15 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, जन-जागरूकता, नशा मुक्ति अभियान, सिलाई-कटाई प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूहों का गठन एवं उनके क्षमता विकास, सरकारी विद्यालयों के बच्चों को स्वेटर, जूते एवं मौजा का वितरण तथा जरूरतमंद परिवारों को ठंड के मौसम में कंबल व गर्म कपड़े उपलब्ध कराने जैसे अनेक सामाजिक कार्य किए हैं।

अनीता गुप्ता ने राजगीर नगर परिषद के मुख्य पार्षद पद का चुनाव भी लड़ा था। यद्यपि उन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन इस चुनाव के बाद उनकी सामाजिक पहचान और लोकप्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। जिले के पान समाज के लोगों को आशा है कि वे अपने नए दायित्व के माध्यम से संगठन को सशक्त बनाएंगी और पान समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

इस अवसर पर बधाई देने वालों में इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश पान, जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार, युवा जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार, महिला जिलाध्यक्ष मोनी कुमारी, उपाध्यक्ष दीपक कुमार, महासचिव मनीष कुमार निराला, सचिव कुणाल कुमार, युवा जिला उपाध्यक्ष ज्योतिष कुमार, नगर अध्यक्ष सरयुग प्रसाद, नगर उपाध्यक्ष राजा कुमार, संरक्षक बिरजू प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष नीतीश कुमार, संजीत कुमार, राजीव तांती, राकेश कुमार गुप्ता, संतोष कुमार तांती, राकेश कुमार, वरुण कुमार, प्रमोद कुमार तांती, रंजन कुमार, उमेश तांती, रेणु देवी सहित जिले के अनेक पान (तांती-तत्वा) समाज के लोग शामिल हैं।

# कमल बिगहा में छात्रों को शैक्षणिक सामग्री देकर किया गया सम्मानित



आर संतोष भारती,कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के कमल बिगहा गांव में शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा बच्चों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से एक सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिथलेश पासवान ने की। इस अवसर पर गांव के छात्र-छात्राओं को कॉपी, कलम, पेंसिल सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू जिला सचिव बबलू पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति सदैव दृढ़ रहकर परिश्रम करना चाहिए। मेहनत और लगन के बल पर ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई के साथ अनुशासन और आत्मविश्वास बनाए रखने की अपील की तथा आश्वासन दिया कि मेहनती और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भविष्य में भी बड़े मंच पर सम्मानित कराने का प्रयास किया जाएगा।

समाजसेवी सुनील कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। शिक्षित समाज से ही राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मिथलेश पासवान ने कहा कि मेधावी और मेहनती विद्यार्थियों को सम्मानित करना उनका निरंतर प्रयास रहेगा। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं।

इस अवसर पर श्रवण पटेल, प्रिंस पासवान, रामचंद्र पासवान, संजय प्रसाद सहित गांव के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के महत्व को रेखांकित करना और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना रहा।






# नगरनौसा में किसान योजनाओं पर हुई प्रखंड सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक



नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत ई-किसान भवन, नगरनौसा में गुरुवार को प्रखंड किसान सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष हरिनारायण प्रसाद ने की।बैठक में प्रखंड क्षेत्र के किसानों से संबंधित विभिन्न योजनाओं, कृषि विकास कार्यों तथा समस्याओं पर चर्चा की गई। किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने, उन्नत कृषि तकनीक अपनाने तथा फसल उत्पादन बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख रंजू कुमारी, समिति के उपाध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, सचिव सह प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अमित कुमार सहित समिति के सदस्य मिथलेश कुमार, आनंद कुमार, अखिलेश कुमार, जवाहर प्रसाद एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया तथा कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

# चुनाव कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों को किया गया सम्मानित



हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित सभागार भवन में गुरुवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) एवं विधानसभा आम चुनाव (विधानसभा क्षेत्र संख्या-177) के सफल आयोजन को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. पंकज कुमार ने की।

इस अवसर पर एसआईआर एवं विधानसभा चुनाव में सफलतापूर्वक दायित्व निभाने वाले प्रखंड एवं अंचल के कर्मियों सहित अन्य चुनावकर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने सभी कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्द्धन किया।

बीडीओ डॉ. पंकज कुमार ने कर्मियों के समर्पण, निष्ठा और उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि चुनाव जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराना सरकारी कर्मचारियों की अहम जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप चुनाव प्रक्रिया सफल रही। इस कार्य में कुल 65 पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।इस मौके पर शिक्षक शिवेंदु कुमार ने बीएलओ की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा समय पर मतदाता सूची का निर्माण किया गया तथा विभिन्न शिकायतों का निष्पादन किया गया। साथ ही बूथ प्रबंधन के साथ मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य भी प्रभावी रूप से किया गया। इस प्रक्रिया में 12 कोषांगों के कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण दायित्व के सफल निर्वहन पर संतोष व्यक्त किया। मौके पर राजस्व पदाधिकारी रितु रिमझिम, बीपीएम मो. अफताब आलम, भवेश, कौशल, मनीष, अनिल, श्वेता, चंदन, नितीश समेत अन्य कर्मी उपस्थित थें।










# यूजीसी नियमों पर रोक दुर्भाग्यपूर्ण, संसद से कानून बनाए सरकार: आरवाईए




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी की उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता के प्रचार से जुड़े नियमों पर रोक लगाए जाने को इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) ने दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक बताया है। आरवाईए के बिहार प्रदेश सह सचिव बिरेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस निर्णय की निंदा की।उन्होंने कहा कि ऐसे समय में, जब देश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जाति, लिंग और सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर भेदभाव की घटनाएं बढ़ रही हैं, इस प्रकार की रोक हाशिए पर खड़े छात्रों की उम्मीदों पर गहरा आघात है।

उन्होंने कहा कि ये नियम किसी एक दिन में नहीं बने हैं, बल्कि वर्षों से चले आ रहे छात्र आंदोलनों, सामाजिक संघर्षों और संस्थागत भेदभाव के खिलाफ उठी आवाजों का परिणाम हैं।बिरेश कुमार ने रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन मामलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता केवल संवैधानिक आदर्श नहीं, बल्कि जीवन और मृत्यु से जुड़ा प्रश्न बन चुकी है।उन्होंने कहा कि यूजीसी के नए नियमों पर पूरी तरह रोक लगाना उचित नहीं है। सरकार को चाहिए कि वह इन नियमों को और अधिक मजबूत, स्पष्ट और जवाबदेह बनाए, न कि इन्हें अधर में लटकाए।आरवाईए ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह इन नियमों को संसद के उच्च सदन में प्रस्तुत कर व्यापक बहस के बाद कानूनी और संवैधानिक मजबूती प्रदान करे, ताकि इन्हें देश भर के उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

उन्होंने कहा कि समानता और सामाजिक न्याय किसी आयोग या अदालत की कृपा पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक इच्छाशक्ति और राजनीतिक प्रतिबद्धता पर निर्भर करते हैं। आरवाईए ने स्पष्ट किया कि वह उच्च शिक्षा में भेदभाव के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेगी और सामाजिक न्याय के मुद्दे को कमजोर नहीं पड़ने देगी।



# यूजीसी अधिनियम के खिलाफ सड़कों पर उतरे छात्र और बुद्धिजीवी




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा जिले में यूजीसी के नए अधिनियम के विरोध में डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह एवं डॉ. अजय कुमार के नेतृत्व में एक विशाल जनविरोध रोषपूर्ण प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शन बाबू वीर कुंवर सिंह बाईपास चौक, एकंगरसराय से शुरू हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवा, छात्र एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह नया अधिनियम समानता के नाम पर असमानता फैलाने वाला है, जिसे केंद्र सरकार को तत्काल वापस लेना चाहिए। आंदोलनकारियों ने इस विषमतापूर्ण अधिनियम के लिए केंद्र सरकार, भाजपा, प्रधानमंत्री तथा गृह एवं शिक्षा मंत्री को जिम्मेदार ठहराया।कार्यक्रम के दौरान डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह ने आंदोलनकारियों को जानकारी दी कि सुप्रीमकोर्ट ने यूजीसी के इस अधिनियम पर तत्काल रोक लगा दी है। यह सूचना मिलते ही प्रदर्शनकारियों ने ताली बजाकर खुशी जाहिर की और इसे आंदोलन की बड़ी सफलता बताया।

इसके बाद प्रदर्शनकारी एकंगरसराय बाजार का भ्रमण करते हुए पुनः बाबू वीर कुंवर सिंह चौराहा (बाईपास, एकंगरसराय) पहुंचे, जहां केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया।

इस दौरान विपिन बिहारी सिंह, ठाकुर धनंजय सिंह, प्रकाश सिंह, विजेंद्र सिंह, संजीव सिंह, राजू सिंह, शंकर सिंह, सिद्धनाथ सिंह, अमित सिंह एवं अविनाश कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने लगातार प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया और अधिनियम को वापस लेने की मांग दोहराई।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. अजय कुमार ने आंदोलन में शामिल सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा कि यह लड़ाई समानता और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए जारी रहेगी।

# यूजीसी बिल का विरोध जातिवादी सोच का परिणाम: वीरेंद्र कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित यूजीसी बिल को लेकर चल रहे विरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिल भारतीय चंद्रवंशी चेतना मंच के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि इस बिल का विरोध जातिवादी मानसिकता से ग्रसित लोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बिल के समर्थन में बहुसंख्यक समाज को खुलकर आगे आना चाहिए।

उन्होंने बताया कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित एवं महादलित वर्ग के साथ जातीय भेदभाव की कई घटनाएं सामने आने के बाद ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्र सरकार ने इस बिल का प्रस्ताव रखा है। उनका कहना है कि यूजीसी बिल लागू होने से शैक्षणिक संस्थानों में होने वाले जातीय भेदभाव पर प्रभावी रोक लगेगी।

वीरेंद्र कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव से जुड़े मामलों में अक्सर उच्च जातियों से जुड़े लोगों पर आरोप लगते हैं, जबकि ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग के लोग ऐसे मामलों में बहुत कम आरोपी पाए जाते हैं। इस कानून के लागू होने से लंबे समय से प्रताड़ित वर्गों के अधिकारों की रक्षा होगी और इसका उद्देश्य किसी समाज को नुकसान पहुंचाना नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि यूजीसी द्वारा गठित इक्विटी कमेटी का गठन कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग के साथ हो रहे शोषण और उत्पीड़न को रोकने के लिए किया गया है। इसके बावजूद इन वर्गों से जुड़े नेता, सामाजिक संगठन, छात्र



संगठन और राजनीतिक दल अब तक इस मुद्दे पर खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं।

उन्होंने ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग के लोगों से अपील की कि वे यूजीसी बिल के समर्थन में आगे आएं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समर्थन नहीं मिला तो सशक्त विरोध के दबाव में सरकार को यह बिल वापस लेना पड़ सकता है।







P
CR CLASSROOM POINT
BEST EDUCATION FOR BEST SCORE
VI | VII | VIII | IX | X (CBSE)
PRE NURTURE FOUNDATION FOR
NTSE | OLYMPIAD | IJSO
Phy | Chem | Maths | Bio | Eng | SST
XI | XII (CBSE/BSEB)
JEE (Mains/Adv) & NEET
Phy | Chem | Maths | Bio | Eng
New Batch Announced
for Class VI to X with foundation from
28 Jan
Session (2026-27)
Saraswati Puja
& Republic Day Offer
FREE ADMISSION
Batch Time : 4:00 PM to 6:00 PM
Our Classroom Advantage :
Expert Faculty
Weekly Scholarship
Study Material
CCTV Campus
TEST
Weekly Test
Doubts Counter
Shri Laxmi Sudama Complex
Khandakpar more, Bihar Sharif (803101)
+91 62028 19264
+91 95347 11704

# रूद्र महायज्ञ में रासलीला का भव्य आयोजन, आज कृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग



हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय प्रखंड के द्वारिका बिगहा गांव स्थित फोरलेन के किनारे नौ दिवसीय रूद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन चल रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर द्वारिका बिगहा, डिहरीगढ़, मुसहरी गांव, चेरो, खरुआरा, नेहुसा बिगहा, तीरा और हासनचक समेत आसपास के गांवों में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। गांव-गांव में होम-जाप, रासलीला एवं भक्ति गीतों के माध्यम से श्रद्धालु भगवान की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं।

श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग का मंचन किया जाएगा।उन्होंने आगे बताया कि यह महायज्ञ दो फरवरी को संपन्न होगा। आने वाले दिनों में सुदामा चरित्र, कंस वध तथा सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र के चरित्र का मंचन किया जाएगा। रासलीला में व्यास गद्दी पर काना ब्रजवासी विराजमान हैं, जबकि कृष्ण की भूमिका हरिओम, राधा की भूमिका महेंद्र तथा कंस की भूमिका हरदेव निभा रहे हैं। कलाकारों द्वारा बीच-बीच में हास्य-व्यंग्य भी प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे दर्शकों का भरपूर



नौ दिवसीय इस धार्मिक कार्यक्रम की देखरेख महात्मा वीर भद्र एवं यज्ञाचार्य पंडित भोला झा लाल बाबू कर रहे हैं। वहीं आयोजन को सफल बनाने में संजीव कुमार उर्फ छोटी, ओमप्रकाश सिंह, टिंकू, संतोष समेत अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

रासलीला का मंचन वृंदावन से आए श्री झूलबिहारी गोपीकृष्ण रासलीला मंडल के कलाकारों द्वारा प्रतिदिन संध्या छह बजे से रात्रि दस बजे तक किया जा रहा है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, राधा संग प्रेम प्रसंग और ब्रज की गोपियों के साथ उनके दिव्य नृत्य को नृत्य, गायन और अभिनय के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। मंचन में माखन चोरी, मटकी फोड़ना, कृष्ण की मुरली का जादू और गोपियों की भक्ति जैसे दृश्य दर्शकों को भाव-विभोर कर रहे हैं।

रासलीला कमेटी के डायरेक्टर संतोष पचौरी एवं मैनेजर भूदेव पांडे ने बताया कि गुरुवार को कालिया नाग मर्दन प्रसंग का मंचन किया गया। यह कथा अहंकार के विनाश और भगवान की शरण में आने पर मुक्ति का संदेश देती है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को

मनोरंजन हो रहा है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए मेले का भी आयोजन किया गया है। मेले में बच्चों और युवाओं के लिए रोमांचक झूले लगाए गए हैं, जिनमें मिक्की माउस जंपिंग झूला, आसमान तारा झूला, ड्रैगन ट्रेन, ब्रेक डांस, घोड़ा झूला तथा आगे-पीछे पेंडुलम की तरह झूलने वाला कोलंबस नाव झूला प्रमुख आकर्षण बने हुए हैं।

मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहां गुब्बारा फोड़ने वाले खेल में युवा खिलौना बंदूक से सटीक निशाना लगाते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा श्रृंगार सामग्री, चाट, चाउमीन, गोलगप्पे, जलेबी, गरम पकौड़े, कुल्फी और बच्चों के लिए रंग-बिरंगे खिलौने व गुब्बारे की दुकानें सजी हुई हैं। शाम से लेकर देर रात तक श्रद्धालु मेले में घूमकर रासलीला का आनंद ले रहे हैं और व्यंजनों का स्वाद भी ले रहे हैं।

इस प्रकार रूद्र महायज्ञ और रासलीला कार्यक्रम क्षेत्र में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक उत्सव का रूप ले चुका है।




# पीएम सूर्य घर योजना के तहत सौर ऊर्जा अग्रदूतों को मिला सम्मान



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।गुरुवार को एसयू कॉलेज, हिलसा परिसर में विद्युत विभाग के तत्वावधान में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा अग्रदूत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी हिलसा अमित कुमार पटेल ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्युत कार्यपालक अभियंता, एकंगरसराय नीरज कुमार द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी को पुष्पगुच्छ एवं स्मारिका भेंट कर स्वागत से हुई। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 एवं 2, विद्युत अधीक्षण अभियंता तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

विद्युत अधीक्षण अभियंता, नालंदा ने उपस्थित उपभोक्ताओं, संवेदकों एवं मीडिया कर्मियों का स्वागत करते हुए बताया कि जागरूक उपभोक्ताओं एवं कर्मठ संवेदकों के प्रयास से नालंदा जिला सोलर रूफटॉप अधिष्ठापन में बिहार में दूसरा स्थान प्राप्त कर चुका है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर संयंत्र स्थापित कर शून्य बिजली बिल प्राप्त करने वाले 30 उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इनमें अमरेंद्र कुमार, विनोद प्रसाद सिंह, सुरेश प्रसाद केशरी, अजय कुमार एवं संजू कुमारी प्रमुख रहे। लकी ड्रॉ के माध्यम से चयनित उपभोक्ताओं को मेगा गिफ्ट भी प्रदान किया गया। साथ ही जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच चयनित संवेदकों को भी पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।सभा को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने सौर ऊर्जा को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह अक्षय ऊर्जा स्रोत पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण में सहायक है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 ऋषिराज कुमार ने सौर ऊर्जा को देश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम का संचालन विद्युत कार्यपालक अभियंता नीरज कुमार ने किया। मौके पर विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित थे।

# एसडीपीओ हिलसा-2 ने परवलपुर थाना का किया वार्षिक निरीक्षण



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।गुरुवार को एसडीपीओ हिलसा-2 द्वारा परवलपुर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना के विभिन्न महत्वपूर्ण कक्षों का जायजा लिया।

इस क्रम में ओडी रजिस्टर, थाना हाजत, थाना सिरिस्ता, सीसीटीएनएस कक्ष, सिपाही बैरक तथा थाना प्रभारी (एसएचओ) कक्ष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की जांच करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।

एसडीपीओ ने लंबित कांडों की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि अनुसंधान कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी मामलों का समयबद्ध निपटारा किया जाए।इसके साथ ही अनुसंधान कार्य में तकनीकी आधुनिकीकरण को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि इस संबंध में एडीजी, सीआईडी महोदय के निर्देशों से सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है, ताकि विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके।

निरीक्षण के दौरान थाना के कार्यों की समग्र समीक्षा की गई और पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।

# धान अधिप्राप्ति और सीएमआर आपूर्ति की डीएम ने की समीक्षा

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।गुरुवार को जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों से अधिप्राप्त धान, उसके समतुल्य राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) के संग्रहण केंद्रों पर हस्तगत कराए गए सीएमआर तथा जिले में एफआरके की स्थिति की समीक्षा की गई।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि प्रधान सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार जिला टास्क फोर्स द्वारा रूट ऑप्टिमाइज़ेशन, दूरी तथा पूर्व वर्षों में मिलों के कार्य निष्पादन के आधार पर पैक्सों एवं व्यापार मंडलों को मिलिंग हेतु राइस मिलों से संबद्ध किया गया है। इसके तहत कुल 228 समितियों को 22 उसना एवं 10 अरवा मिलों से जोड़ा गया है। इनमें से 213 समितियों द्वारा मिलों के साथ एकरारनामा किया जा चुका है, जबकि शेष 15 समितियां प्रक्रिया में हैं।

जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम ने बताया कि जिले को आवंटित लक्ष्य 1,22,085 मीट्रिक टन के विरुद्ध अब तक 55,836.029 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की गई है। लक्ष्य के अनुरूप 82,825 मीट्रिक टन



सीएमआर के विरुद्ध अभी तक 2,204 मीट्रिक टन सीएमआर संग्रहण केंद्रों पर उपलब्ध कराया गया है।

उन्होंने बताया कि एफआरके आपूर्ति के लिए सारण एवं पटना जिले की दो एजेंसियों को नामित किया गया है, जिनके द्वारा आवश्यक 828.25 मीट्रिक टन एफआरके के विरुद्ध मात्र 33.3 मीट्रिक टन एफआरके की आपूर्ति की गई है। जिले में एफआरके की कमी के कारण सीएमआर आपूर्ति में विलंब की संभावना है। इस संबंध में निगम मुख्यालय, पटना से पत्राचार किया गया है।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट देने तथा एफआरके की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बीडीओ ने बसनियावां पंचायत में विकास योजनाओं की जांच की

हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. पंकज कुमार ने बुधवार को बसनियावां पंचायत का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं की जांच की। इस दौरान पंचायत के मुखिया शकुंतला देवी भी मौजूद रहीं।

मुखिया ने बताया कि बीडीओ ने नर्चवार गांव समेत पंचायत के अन्य गांवों में चल रही योजनाओं की स्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। जांच के दौरान षष्ठम राज्य वित्त आयोग योजना के तहत नर्चवार गांव में 1.48 लाख रुपये की लागत से कराए जा रहे नाली सोलिंग एवं पीसीसी सड़क ढलाई कार्य (योजना संख्या-14/2025-26) तथा 2.69 लाख रुपये की लागत से ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई कार्य (योजना संख्या-10/2025-26) सहित अन्य योजनाओं की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया।

बीडीओ डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सही



तरीके से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यदि किसी योजना में अनियमितता पाई जाती है, तो उसकी जांच रिपोर्ट जिले को भेजी जाएगी, ताकि संबंधित एजेंसियों पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखें तथा कार्य समय पर पूर्ण कराएं। बीडीओ ने यह भी कहा कि पंचायत स्तर पर हो रहे कार्यों की नियमित निगरानी से ही विकास योजनाओं का सही लाभ आम जनता तक पहुंच सकता है।

# नवादा रेल सर्वे पर किसानों ने जताई कड़ी आपत्ति, राजगीर में बैठक

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नवादा प्रस्तावित रेल लाइन के सर्वे को लेकर किसानों की चिंता अब खुलकर सामने आ गई है। उपजाऊ कृषि भूमि के संभावित अधिग्रहण की आशंका से परेशान पावापुरी क्षेत्र के किसानों ने राजगीर पहुंचकर रेलवे सर्वे से जुड़े अधिकारियों से मुलाकात की और अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं।

किसानों का कहना है कि वर्तमान सर्वे रूट लागू होने की स्थिति में बड़ी मात्रा में खेती योग्य जमीन रेल परियोजना की जद में आ जाएगी, जिससे सैकड़ों परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि यह इलाका पूरी तरह कृषि पर निर्भर है और यहां की भूमि अत्यंत उपजाऊ है। ऐसे में बिना वैकल्पिक योजना के जमीन अधिग्रहण किया गया तो किसानों के सामने जीवन-यापन का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।इस दौरान किसान प्रतिनिधि अनुग्रह प्रसाद सिंह और सुरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि किसान विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन उनकी वर्षों की मेहनत से उपजी उपजाऊ जमीन को नष्ट करना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने रेलवे प्रशासन से मांग की कि परियोजना के रूट का पुनरीक्षण कर ऐसा मार्ग चुना जाए, जिससे कृषि भूमि को न्यूनतम नुकसान पहुंचे।किसानों ने अधिकारियों से आग्रह किया कि उनकी भावनाओं और सुझावों को गंभीरता से लिया जाए और किसी भी निर्णय से पहले स्थानीय लोगों से परामर्श किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई, तो किसान एकजुट होकर आगे की रणनीति तय करेंगे। हालांकि, उन्होंने बातचीत के माध्यम से समाधान निकलने की उम्मीद जताई और कहा कि विकास के साथ-साथ किसान हितों की रक्षा भी जरूरी है।

# महलपर कब्रिस्तान की चहारदीवारी और मैरिज हॉल निर्माण की उठी मांग



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पूर्व विधायक पप्पू खान के नेतृत्व में बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 34, महलपर से बुद्धिजीवियों का एक शिष्टमंडल बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान से मिला। शिष्टमंडल ने क्षेत्र की जनसमस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

शिष्टमंडल ने मंत्री से मांग की कि महलपर स्थित खतियानी कब्रिस्तान की सुरक्षा के लिए अविलंब चहारदीवारी का निर्माण कराया जाए, ताकि कब्रिस्तान की भूमि को भू-माफियाओं के अतिक्रमण से बचाया जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण आए दिन जमीन पर अवैध कब्जे का खतरा बना रहता है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

इसके साथ ही शिष्टमंडल ने यह भी मांग रखी कि महलपर मोहल्ले में गैरमजरूआ भूमि उपलब्ध है, इसलिए अल्पसंख्यक समुदाय की सुविधा के लिए एक मैरिज हॉल का निर्माण कराया जाए। इससे क्षेत्र के लोगों को सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर पूर्व विधायक पप्पू खान ने कहा कि वे हमेशा बिहारशरीफ की जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहे हैं और आगे भी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहेंगे। मंत्री जमा खान ने शिष्टमंडल की मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

शिष्टमंडल में समाजसेवी आलो खान, मुश्शु भाई, मास्टर इशरत बाबू तथा टोटो चालक संघ के सचिव लालबाबू भी उपस्थित थे।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ऑटो में मारी टक्कर, महिला गंभीर रूप से घायल, बच्ची भी जख्मी

मोहम्मद जियाउद्दीन,इस्लामपुर(अपना नालंदा)।इस्लामपुर-केवई मुख्य सड़क मार्ग पर काजीचक मोड़ के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो पर सवार एक महिला और एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घायलों की पहचान इस्लामपुर थाना क्षेत्र के हेरथू गांव निवासी 45 वर्षीय जोहरा खातून एवं बच्ची खुशीहाना खातून के रूप में की गई है।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए इस्लामपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे पटना रेफर कर दिया गया।बताया जाता है कि जोहरा खातून गुरुवार को अपने गांव हेरथू से किसी कार्य से इस्लामपुर बाजार आई थीं। काम समाप्त कर वह ऑटो से वापस अपने गांव लौट रही थीं, इसी दौरान काजीचक मोड़ के पास ट्रैक्टर ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ।

# हत्या के प्रयास मामले में दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।अस्थावां थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में करीब दो वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह पुनि उत्तम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जियर गांव, बेलदरिया निवासी गोरे कुमार उर्फ गोरेलाल के रूप में हुई है।उन्होंने बताया कि आरोपी हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले में वांछित था और लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

# कतरीसराय बाजार से दस लीटर देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

आर संतोष भारती,कतरीसराय (अपना नालंदा)। कतरीसराय थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को दस लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई स्थानीय बाजार क्षेत्र में की गई।थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान महेश चौधरी, पिता सरयुग चौधरी, निवासी ग्राम अहियाचक, थाना कतरीसराय, जिला नालंदा के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को हिरासत में लेकर उसके पास से करीब 10 लीटर देशी वाई की जा शराब बरामद की।

थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि जिले में शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध शराब का धंधा करने वालों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# समृद्धि यात्रा में समस्तीपुर जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार



सुजीत कुमार,पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार गुरुवार को समृद्धि यात्रा के दौरान समस्तीपुर जिले के हाउसिंग बोर्ड मैदान परिसर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य बिहार में उद्योगों को बढ़ावा देना, युवाओं को दक्ष बनाना और आत्मनिर्भर बिहार का निर्माण करना है। सभी जिलों में उद्योग लगाने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में एनडीए सरकार बनने के बाद से राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ और विकास के कार्य तेजी से हुए। पहले की स्थिति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय लोग शाम के बाद घर से बाहर निकलने से डरते थे, पढ़ाई और इलाज की व्यवस्था दयनीय थी तथा सड़क, बिजली और स्वास्थ्य सेवाएं बेहद सीमित थीं। आज राज्य में शांति, भाईचारा और विकास का माहौल है। कब्रिस्तानों की घेराबंदी तथा पुराने मंदिरों के संरक्षण जैसे कार्य समाज में सौहार्द बनाए रखने के लिए किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना पर विशेष ध्यान दिया गया है। सात निश्चय योजना के तहत हर घर बिजली, नल का जल, शौचालय तथा टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने का कार्य पूरा किया गया। अब लगभग सभी घरेलू उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली दी जा रही है। सात निश्चय-2 के तहत युवाओं को 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें अब तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी तथा 40 लाख लोगों को रोजगार मिल चुका है। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि सभी वर्गों—हिन्दू, मुस्लिम, पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित और महादलित—के विकास के लिए सरकार ने समान रूप से कार्य किया है। वृद्ध, दिव्यांग और विधवा महिलाओं की पेंशन राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये की गई है, जिससे एक करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिल रहा है। केन्द्र सरकार के सहयोग से सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन और बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी योजनाएं स्वीकृत हुई हैं।

मुख्यमंत्री ने आगामी पांच वर्षों के लिए सात निश्चय-3 के तहत योजनाओं की जानकारी दी। इसमें दोगुना रोजगार-दोगुनी आय, समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार, कृषि में प्रगति, उन्नत शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य, मजबूत आधारभूत संरचना तथा सबका सम्मान-जीवन आसान जैसे लक्ष्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किए जाएंगे, कृषि विपणन को मजबूत किया जाएगा, प्रत्येक प्रखंड में आदर्श विद्यालय और डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे तथा स्वास्थ्य सेवाओं को विशिष्ट बनाया जाएगा।समस्तीपुर जिले के विकास पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई, जीएनएम और पारा मेडिकल संस्थानों की स्थापना की गई है। मुक्तापुर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है तथा बाईपास, आरओबी और पुलों का निर्माण कराया जा रहा है। सात निश्चय-3 के तहत जिले में उद्योग, डेयरी, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में नई योजनाएं लागू की जाएंगी।कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, विधान पार्षद एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व आम नागरिक उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का फूल-मालाओं से स्वागत किया।



# इस्सयोग भवन में धूमधाम से मनाया गया बड़े भैया का जन्मोत्सव



सुजीत कुमार,पटना (अपना नालंदा)। अंतर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के तत्वावधान में बुधवार की संध्या गोलारोड स्थित 'इस्सयोग भवन' में संस्था के उपाध्यक्ष (मुख्यालय) बड़े भैया श्रीश्री संजय कुमार का 60वां जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। संस्था की अध्यक्ष एवं ब्रह्म-ज्ञानी सद्गुरुमाता मां विजया जी की दिव्य उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में इस्सयोगी कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। भजन-संकीर्तन के पश्चात विश्व-कल्याण हेतु सामूहिक 'ब्रह्माण्ड-साधना' संपन्न हुई।संस्था के संयुक्त सचिव डॉ. अनिल सुलभ ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती सुचित्रा की गुरु-वंदना एवं भाव-नृत्य से हुआ। सुश्री शोभा और प्रियंका कुमारी ने 'आयो रे शुभ दिन आयो रे' गीत पर मनोहारी भाव-नृत्यप्रस्तुत किया।

इस्सयोगी बालक अमित ने 'नमो नमो शंकरा' गीत पर शिव वेश में आकर्षक नृत्य किया। युवा इस्सयोगी अमित राज 'लालू' के निर्देशन में हास्य नाटिका 'नौकरी का भोज' का मंचन किया गया, जिसमें अमित पांडेय, कुंदन कुमार और अमित राज के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। नासिक की बालिका शानवी सिंह के एकल नृत्य को भी भरपूर तालियां मिलीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन सुप्रसिद्ध इस्सयोगी गायक बीरेंद्र राय द्वारा प्रस्तुत बधाई गीत और भजन से हुआ। संचालन वरिष्ठ इस्सयोगी सरोज गुटगुटिया ने किया।बड़े भैया के अमेरिका प्रवास पर होने के कारण कलाकारों ने प्रतीकात्मक रूप से केक काटकर उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। अखंड भजन-संकीर्तन, ब्रह्माण्ड-साधना तथा महाप्रसाद के साथ यह भव्य उत्सव संपन्न हुआ।

# सफाईकर्मियों के लिए कैंसर स्क्रीनिंग सहित विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

सुजीत कुमार,पटना (अपना नालंदा)। पटना नगर निगम द्वारा सफाईकर्मियों के लिए अजीमाबाद अंचल अंतर्गत गुलजारबाग स्टेडियम में विशेष स्वास्थ्य जांच एवं कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य सफाईकर्मियों को निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, समयपूर्व रोग पहचान तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना है।

शिविर का उद्घाटन माननीय महापौर श्रीमती सीता साहू, नगर आयुक्त श्री यशपाल मीणा एवं वार्ड संख्या-53 के वार्ड पार्षद द्वारा किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन पटना सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद फीता काटकर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया।

महापौर श्रीमती सीता साहू ने कहा कि पटना नगर निगम के सफाईकर्मी शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं।

उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रखना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय पर जांच और पहचान से जीवन बचाया जा सकता है।

स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ ओरल, सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग की सुविधा दी जा रही है। सफाईकर्मियों को जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया तथा जरूरत पड़ने पर आगे के उपचार हेतु रेफरल की व्यवस्था भी की गई।

नगर आयुक्त श्री यशपाल मीणा ने बताया कि पटना नगर निगम सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। 27 जनवरी से 19 फरवरी 2026 के बीच सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से 60 से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक सफाईकर्मियों और उनके परिजनों को इसका लाभ मिल सके।आज के शिविर में अजीमाबाद सर्किल के बड़ी संख्या में सफाईकर्मियों एवं उनके परिजनों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वच्छता कार्य से जुड़े कर्मियों के स्वास्थ्य जोखिम को देखते हुए यह पहल नगर निगम की एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल मानी जा रही है।